भारत-चीन सैन्य वार्ता

हाल ही में भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 14वें दौर की वार्ता संपन्न हुई। बैठक के परिणामस्वरूप हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा पोस्ट से पीछे हटने के मामले में कोई सफलता नहीं मिली, लेकिन दोनों ही पक्षों द्वारा शीघ्र ही फिर से मिलने पर सहमति व्यक्त की गई।

- पिछली बैठक की तुलना में यह बैठक सकारात्मक रही क्योंकि पिछली वार्ता के दौरान कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया था लेकिन दोनों पक्षों ने स्थिति के लिये एक-दूसरे को दोषी ठहराते हुए स्वतंत्र बयान जारी किये थे।



//

प्रमुख बिंदु

- **हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा पोस्ट की अवस्थिति:**
  - **हॉट स्प्रिंग्स चांग चेनमो (Chang Chenmo) नदी के उत्तर में** है और **गोगरा पोस्ट** इस नदी के गलवान घाटी से दक्षिण-पूर्व दिशा से दक्षिण-पश्चिम की ओर मुड़ने पर बने **हेयरपिन मोड़** (Hairpin Bend) के पूर्व में है।
  - यह क्षेत्र **काराकोरम श्रेणी** (Karakoram Range) के उत्तर में है जो **पैंगोंग त्सो (Pangong Tso) झील के उत्तर में और गलवान घाटी के दक्षिण में** स्थित है।
- **हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा पोस्ट का महत्त्व**
  - यह क्षेत्र **कोंग्का दर्रे (Kongka Pass) के पास** है जो चीन के अनुसार भारत और चीन के बीच की सीमा को चिह्नित करता है।
  - भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा का दावा पूर्व की ओर अधिक है, क्योंकि इसमें पूरा अक्साई चिन (Aksai Chin) का क्षेत्र भी शामिल है।
  - हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा पोस्ट, चीन के **दो सबसे अशांत प्रांतों (शिनजियांग और तिब्बत) की सीमा के करीब** हैं।

पैंगोंग त्सो झील

- पैंगोंग झील केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में स्थित है।
- यह लगभग 4,350 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, जो विश्व की सबसे ऊँचाई पर स्थित खारे पानी की झील है।
- लगभग 160 किमी. क्षेत्र में फैली पैंगोंग झील का एक-तिहाई हिस्सा भारत में है और दो-तिहाई हिस्सा चीन में है।

गलवान घाटी

- गलवान घाटी सामान्यतः उस भूमि को संदर्भित करती है, जो **गलवान नदी** (Galwan River) के पास मौजूद पहाड़ियों के बीच स्थित है।
- गलवान नदी का स्रोत चीन की ओर अक्साई चिन में मौजूद है और आगे चलकर यह भारत की **श्योक नदी** (Shyok River) में मिलती है।
- ध्यातव्य है कि यह घाटी पश्चिम में लद्दाख और पूर्व में अक्साई चिन के बीच स्थित है, जिसके कारण यह रणनीतिक रूप से काफी महत्त्वपूर्ण है।

चांग चेनमो नदी

- यह श्योक नदी की सहायक नदी है, जो **सिंधु नदी (Indus River) प्रणाली** का हिस्सा है।
- यह विवादित अक्साई चिन क्षेत्र के दक्षिणी किनारे पर और पैंगोंग झील बेसिन के उत्तर में स्थित है।
- चांग चेनमो का स्रोत **लनक दर्रे** (Lanak Pass) के पास है।

कोंग्का दर्रा

- कोंग्का दर्रा या कोंग्का ला एक पहाड़ी दर्रा है, जिससे चांग चेनमो घाटी में प्रवेश किया जाता है। यह लद्दाख में विवादित भारत-चीन सीमा क्षेत्र में है।

काराकोरम श्रेणी

- इसे कृष्णगिरि के नाम से भी जाना जाता है जो ट्रांस-हिमालय पर्वतमाला की सबसे उत्तरी श्रेणी में स्थित है। यह अफगानिस्तान और चीन के साथ भारत की सीमा बनाती है।
- यह पामीर से पूर्व की ओर लगभग 800 किमी. तक फैली हुई है। यह ऊँची चोटियों [5,500 मीटर और उससे अधिक ऊँचाई] के साथ एक सीमा है।
- कुछ चोटियाँ समुद्र तल से 8,000 मीटर से अधिक ऊँची हैं। इस श्रेणी में पृथ्वी की कई शीर्ष चोटियाँ स्थित हैं जैसे- **K2**, जिसकी ऊँचाई 8,611 मीटर है तथा जो विश्व की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है।
- लद्दाख पठार काराकोरम श्रेणी के उत्तर-पूर्व में स्थित है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-china-military-talks